सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 13.11.2023

इटावा पुलिस द्वारा 01 अन्तर्जनपदीय वाहन चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में *थाना सिविल लाइन* पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 12.11.2023 की रात्रि को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत लुहन्ना चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन/ चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर चेक किया गया तो उनके कब्जे से चोरी की 01 CD डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गयी तथा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को लुहन्ना चौराहा से समय 20.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ:-

गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में कडाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि यह मोटरसाइकिल उसके द्वारा वर्ष 2020 में जनपद फिरोजाबाद से चोरी की थी जिसको फर्जी नं0 प्लेट लगाकर प्रयोग कर रहा है। बरामद मोटरसाइकिल के चैसिस नं0 के बारे में ई-चालान एप पर चेक किया गया तो वाहन स्वामी का नाम अलीशेर पुत्र दरकन खान निवासी खरगी थाना फिरोजाबाद होना पाया गया। वाहन स्वामी से पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि मेरी मोटरसाइकिल जनपद फिरोजाबाद से चोरी हुई थी जिसका मु0अ0सं0 366/2020 धारा 379 भादवि थाना नार्थ फिरोजाबाद पर पंजीकृत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 257/23 धारा 411,420,468 भादवि पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. विशाल बाबू पुत्र रूपलाल राजपूत निवासी ग्राम कांधनी थाना सिविल लाइन इटावा उम्र 23 वर्ष

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 257/23 धारा 411,420,468 भादवि थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहास:-

विशाल बाबू पुत्र रूपलाल राजपूत

1. मु0अ0सं0 366/2020 धारा 379 भादवि थाना नार्थ फिरोजाबाद जनपद फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0 257/23 धारा 411,420,467 भादवि थाना सिविल लाइन जनपद इटावा

बरामदगी:-

1. 01 मोटरसाइकिल **(CD डिलक्स)**

पुलिस टीम- - निरीक्षक श्री यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन इटावा, उ0नि0 रामप्रताप सिंह, उ0नि0 जगवीर सिंह, का0 अमित कुमार, का0 गजेन्द्र कुमार।